PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2022-23

HINDI CORE

Time - 3 hrs. **Class – XI (Set-A)** **M.M. – 80**

Name of the student ____________________________________ Section ____ Date - 09.02.2023 (Thursday)

निर्देश –

- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - खंड " क" और ' ख' ।
- खंड 'क' में कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
- खंड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं तथा इन सभी के उचित आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं ।
- यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

खंड (क)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : (1X10=10)

परिश्रम कल्पवृक्ष है। जीवन की कोई भी अभिलाषा परिश्रम रूपी कल्पवृक्ष से पूर्ण हो सकती है। परिश्रम जीवन का आधार है, उज्ज्वल भविष्य का जनक और सफलता की कुंजी है। सृष्टि के आदि से अद्यतन काल तक विकसित सभ्यता और सर्वत्र उप्रति परिश्रम का परिणाम है। आज से लगभग पचास साल पहले कौन कल्पना कर सकता था कि मनुष्य एक दिन चाँद पर कदम रखेगा या अंतरिक्ष में विचरण करेगा पर निरंतर श्रम की बदौलत मनुष्य ने उन कल्पनाओं एवं संभावनाओं को साकार कर दिखाया है। मात्र हाथ पर हाथ धरकर बैठे रहने से कदापि संभव नहीं होता । किसी देश, राष्ट्र अथवा जाति को उस देश के भौतिक संसाधन तब तक समृद्ध नहीं बना सकते जब तक कि वहाँ के निवासी उन संसाधनों का दोहन करने के लिए अथक परिश्रम नहीं करते । किसी भूभाग की मिट्टी कितनी भी उपजाऊ क्यों न हो, जब तक विधिवत परिश्रमपूर्वक उसमें जुताई, बुआई, सिंचाई, निराई-गुड़ाई नहीं होगी, अच्छी फसल प्राप्त नहीं हो सकती। किसी किसान को कृषि संबंधी अत्याधुनिक कितनी ही सुविधाएं उपलब्ध करा दीजिए, यदि उसके उपयोग में लाने के लिए समुचित श्रम नहीं होगा, उत्पादन क्षमता में वृद्धि संभव नहीं है। परिश्रम से रेगिस्तान भी अन्न उगलने लगते हैं हमारे देश की स्वतंत्रता के पश्चात हमारी प्रगति की द्रुतगति भी हमारे श्रम का ही फल है। भाखड़ा नांगल का विशाल बाँध हो या श्री हरिकोटा के रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र, हरित क्रांति की सफलता हो या कोविड 19 की रोकथाम के लिए टीका तैयार करना, प्रत्येक सफलता हमारे श्रम का परिणाम है तथा प्रमाण भी है।

जीवन में सुख की अभिलाषा सभी को रहती है। बिना श्रम किए भौतिक साधनों को जुटाकर जो सुख प्राप्त करने के फेर में है, वह अंधकार में है। उसे वास्तविक और स्थायी शांति नहीं मिलती। गाँधीजी तो कहते थे कि जो बिना श्रम किए भोजन ग्रहण करता है, वह चोरी का अन्न खाता है। ऐसी सफलता मन को शांति देने के बजाए उसे व्यथित करेगी। परिश्रम से दूर रहकर और सुखमय जीवन व्यतीत करने वाले विद्यार्थी को ज्ञान कैसे प्राप्त होगा? हवाई किले तो सहज ही बन जाते हैं, लेकिन वे हवा के हल्के झोंके से ढह जाते हैं। मन में मधुर कल्पनाओं के संजोने मात्र से किसी कार्य की सिद्धि नहीं होती। कार्य सिद्धि के लिए उद्यम और सतत उद्यम आवश्यक है। तुलसीदास ने सत्य ही कहा है-

सकल पदारथ है जग माहीं, करम हीन नर पावत नाहीं ।।

अर्थात इस दुनिया में सारी चीजें हासिल की जा सकती हैं लेकिन वे कर्महीन व्यक्ति को कभी नहीं मिलती हैं। अगर आप भविष्य में सफलता की फसल काटना चाहते हैं, तो आपको उसके लिए बीज आज ही बोने होंगे.आज बीज नहीं बोयेंगे, तो भविष्य में फ़सल काटने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? पूरा संसार कर्म और फल के सिद्धांत पर चलता है इसलिए कर्म की तरफ आगे बढ़ना होगा। यदि सही मायनों में सफल होना चाहते हैं तो कर्म में जुट जाएं और तब तक जुटे रहें जब तक कि सफल न हो जाएँ। अपना एक-एक मिनट अपने लक्ष्य को समर्पित कर दें। काम में जुटने से आपको हर वस्तु मिलेगी जो आप पाना चाहते हैं-सफलता, सम्मान, धन, सुख या जो भी आप चाहते हों।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए।

I) गद्यांश में परिश्रम को कल्पवृक्ष के समान बताया गया है क्योंकि इसमें

(क) भौतिक संसाधन जुटाए जाते हैं (ख) परिश्रमी व्यक्ति वृक्ष के समान परोपकारी होता है

(ग) इच्छा दमन करने का बल प्राप्त होता है (घ) व्यक्ति की इच्छाओं की पूर्ण पूर्ति संभव है

II) गद्यांश में अच्छी फ़सल प्राप्त करने के लिए कहे गए कथन से स्पष्ट होता है कि-

(क) भौतिक संसाधनों का दोहन करना आवश्यक है

(ख) संसाधनों की तुलना में परिश्रम की भूमिका अधिक है

(ग) ज्ञान प्राप्त करने के लिए परिश्रम आवश्यक है

(घ) कष्ट करने से ही कृष्ण मिलते हैं

III) भारत के परिश्रम के प्रमाण क्या-क्या बताए गए हैं ?

(क) बाँध, कोविड 19 की रोकथाम का टीका, प्रक्षेपण केंद्र

(ख) कोविड 19 की रोकथाम का टीका, प्रक्षेपण केंद्र, रेगिस्तान

(ग) कोविड 19 की रोकथाम का टीका, प्रक्षेपण केंद्र, हवाई पट्टियों का निर्माण

(घ) वृक्षारोपण,कोविड 19 की रोकथाम का टीका, प्रक्षेपण केंद्र

IV) कैसे व्यक्ति को अंधकार में बताया गया है ?

(क) श्रमहीन व्यक्ति (ख) विश्रामहीन व्यक्ति (ग) नेत्रहीन व्यक्ति (घ) प्रकाशहीन व्यक्ति

V) हवाई किले तो सहज ही बन जाते हैं, लेकिन ये हवा के हल्के झोंके से ढह जाते हैं।" इस कथन के द्वारा लेखक कहना चाहता है कि-

(क) तेज़ चक्रवाती हवाओं से आवासीय परिसर नष्ट हो जाते हैं

(ख) हवा का रुख अपने पक्ष में परिश्रम से किया जा सकता है

(ग) हवाई कल्पनाओं को सदैव संजोकर रखना असंभव है

(घ) परिश्रमहीनता से वैयक्तिक उपलब्धि नितांत असंभव है

VI) सतत उद्यम से क्या तात्पर्य है.

(क निरंतर तपता हुआ उद्यम (ख) निरंतर परिश्रम करना

(ग) सतत उठते जाना (घ) ज्ञान का सतत उद्गम

VII) किस अवस्था में प्राप्त सफलता मन को व्यथित करेगी ?

(क) सकल पदार्थ द्वारा प्राप्त करने पर (ख) भौतिक संसाधनों द्वारा प्राप्त करने पर

(ग) दूसरों द्वारा किए गए अथक प्रयासों से (घ) आसान व श्रमहीन तरीके से प्राप्त करने पर

उपरिलिखित कथनों में से कौन सा / कौन से सही हैं

(क) केवल क (ख) केवल घ (ग) क़ और ख (घ) क, ख, और ग

VIII) स्वतंत्रता शब्द में उपसर्ग व प्रत्यय अलग करने पर होगा -

(क) स्व + तंत्र + ता (ख) सु + तंत्र + ता (ग) स + वतंत्र + ता (घ) स् + वतं + ता

IX) समुचित' शब्द का अर्थ है-

(क) उपर्युक्त (ख) उपयुक्त (ग) उपभोक्ता (घ) उपक्रम

X) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है-

(क) परिश्रम और स्वतंत्रता (ख) परिश्रम सफल जीवन का आधार

(ग) परिश्रम और कल्पना (घ) परिश्रम कल्पना की उड़ान

प्र.2 नीचे दो काव्यांश दिए गए हैं। किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्त सही विकल्प चुनकर दीजिए- (1x5= 5)

(यदि आप इस काव्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर पुस्तिका में लिखिए कि आप प्रश्न संख्या 2 में दिए गए काव्यांश 1 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं)

इन लहरों के टकराने पर आता रह-रहकर प्यार मुझे,
मैं हूँ अपने मन का राजा इस पार रहूँ उस पार चलूँ
मैं मस्त खिलाड़ी हूँ ऐसा जी चाहे जीतूँ, हार चलूँ।
मैं हूँ अबाध अविराम अथक, बंधन मुझको स्वीकार नहीं
मैं नहीं अरे ऐसा राही, जो बेबस सा मन मार चलूँ

कब रोक सकी मुझको चितवन, मदमाते कजरारे घन की,
कब लुभा सकी मुझको बरबस, मधुमस्त फुहारें सावन की ।
जो मचल उठे अनजाने ही अरमान नहीं ऐसे मेरे
राहों को समझा लेता हूँ सब बात सदा अपने मन की
इन उठती गिरती लहरों का, कर लेने दो श्रृंगार मुझे
इन लहरों के टकराने पर आता रह-रहकर प्यार मुझे ।।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए-

(क) 'अपने मन का राजा' होने से क्या तात्पर्य है?
(i) एकाधिकार करना (ii) किसी की ना सुनना
(iii) मन पर किसी का नियंत्रण होना (iv) स्वतंत्र होकर अपने मन की बात सुनना

(ख) कवि को कौन नहीं रोक पाया?
(i) हार के बदले मिली निराशा (ii) किसी सुंदर प्रेयसी का आकर्षण
(iii) कोई दुख (iv) जीवन की बाधाएं

(ग) इस काव्यांश से हमें क्या सीख मिलती है?
(i) निर्भीक और स्वाभिमानी रहने की (ii) हठी व सफल बनने की
(iii) निर्मम व क्रूर बनने की (iv) स्वार्थी व दृढ़ निश्चयी बनने की

(घ) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
१.कवि स्वतंत्रता का पुजारी है
२.कवि को किसी प्रकार का बंधन स्वीकार नहीं है
३.कवि सावन की फुहार-रूपी प्रेयसी का श्रृंगार करना चाहता है
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?
(i) केवल १ (ii) केवल २ (iii) १ और २ (iv) १ और ३

(ड) 'कब लुभा सकी मुझको बरबस' में 'बरबस शब्द' का अर्थ क्या है?
(i) निरर्थक (ii) लाचार (iii) व्यर्थ (iv) बलपूर्वक

अथवा

(यदि आप इस काव्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर पुस्तिका में लिखिए कि आप प्रश्न संख्या 2 में दिए गए काव्यांश 2 पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं)

रोटी उसकी जिसका अनाज जिसकी जमीन जिसका श्रम है;
अब कौन उलट सकता स्वतंत्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है ।
आज़ादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का
आज़ादी है अधिकार दूसरों की धज्जियां उड़ाने का ।
गौरव की भाषा सीख नई, भिखमंगों की आवाज बदल
सिमटी बाँहों को खोल गरुड़, उड़ने का अब अंदाज बदल ।
स्वाधीन मनुज की इच्छा के आगे पहाड़ हिल सकते हैं;
रोटी क्या? यह अंबर वाले सारे सिंगार मिल सकते हैं ।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए-

(क) प्रस्तुत काव्यांश किससे संबंधित है?
(i) आज़ादी के अभिप्राय से (ii) जीवन की सुख व शांति से
(iii) शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने से (iv) परिश्रम के परिणाम से

(ख) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
१.परिश्रमी व्यक्ति ही रोटी का अधिकारी है.
२.जमीन का मालिक ही उस पर उगाए गए अनाज का अधिकारी है.

३.आजादी ही लोगों में सुख चैन ला सकती है.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(i) केवल १ (ii) केवल ३ (iii) १ और २ (iv) २ और ३

(ग) स्वाधीन व्यक्ति जीवन में क्या-क्या कर सकता है?

(i) बड़ी से बड़ी कठिनाई का डटकर सामना (ii) असंभव कार्य को भी संभव बनाना

(iii) १ और २ दोनों (iv) दूसरे के सामने झुकना

(घ) 'गौरव की भाषा सीख नई' पंक्ति का क्या आशय है?

(i) अंग्रेजी भाषा सीखना (ii) प्रगति हेतु अन्य भाषा सीखना

(iii) स्वाभिमानी बनने का प्रयास करना (iv) दूसरों के सामने बनावटी होना

(ङ) इस काव्यांश से हमें क्या सीख मिलती है?

(i) स्वाधीन मनुष्य नई भाषा सीख सकता है

(ii) स्वाधीन मनुष्य असंभव कार्य को भी संभव कर सकता है

(iii) स्वाधीन मनुष्य सभी पर राज कर सकता है

(iv) स्वाधीन मनुष्य साहित्य की रचना कर सकता है

कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिये – 1X5=5

I) भारत का पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है

क) वेदों को ख) देवर्षि नारद को ग) उपनिषदों कोघ) मनु को

II) प्राप्त संदेश में निहित अर्थ को समझने की कोशिश है-

क) डीकोडिंग ख) एनकोडिंग ग) एमकोडिंग घ) रिकोडिंग

III) तथ्यों की शुद्धता, वस्तुपरकता, निष्पक्षता, संतुलन और स्रोत हैं-

क) संपादन के प्रकार ख) संपादन के गुण ग) संपादन के सिद्धांत घ) संपादन के तत्त्व

IV) किसी भी पत्रकार के लिए सदा क्या होना आवश्यक है?

क) निष्पक्ष ख) कपटी ग) एकपक्षीय घ) दुर्भावपूर्ण

V) पत्रकार का गुण है-

1. असहज 2. असत्यवादी 3. संदेह करना 4 क्रोधी

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

क) केवल 1 ख) केवल 3 ग) 1 एवं 2 घ) 1, 2 एवं 3

प्र.4 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए - 1X5=5

मेहनत की लूट सबसे खतरनाक नहीं होती
पुलिस की मार सबसे खतरनाक नहीं होती
गद्दारी-लोभ की मुट्ठी सबसे खतरनाक नहीं होती
बैठे-बिठाए पकड़ जाना-बुरा तो है
सहमी-सी चुप में जकड़ जाना-बुरा तो है
पर सबसे खतरनाक नहीं होता
कपट के शोर में
सही होते हुए भी दब जाना-बुरा तो है
किसी जुगनू की लौ में पढ़ना-बुरा तो है
मुट्ठियाँ भींचकर बस वक्त निकाल लेना-बुरा तो है
सबसे खतरनाक नहीं होता

निम्नलिखित प्रश्नों में से उचित विकल्प को चुनकर भरिये

I) 'सब से खतरनाक' नामक कविता के रचयिता कौन हैं?

क) रामनरेश त्रिपाठी ख) दुष्यंत कुमार ग) अवतार सिंह पाश घ) त्रिलोचन

II) किस की लौ में पढ़ना बुरा है?

क) बल्ब ख) मोमबत्ती ग) लैंप घ) जुगनू

III) किसकी मार सबसे खतरनाक नहीं होती-

क) समय की ख) लोभ की ग) चिंता की घ) पुलिस की

IV) सहमी सी चुप से क्या आशय है ?

क) अचानक चुप हो जाना ख) सब कुछ जान कर भी चुप रहना

ग) चुप रहने का दिखावा करना घ) चुप रहने की आदत

V) "मुट्ठियाँ भींच कर वक्त निकालना बुरा तो है" पंक्ति में कवि अपनी नाराज़गी किस पर व्यक्त करते हैं

क) माता- पिता पर ख) देश पर ग) समाज पर घ) भाई बहनों पर

प्र.5 निम्नलिखित गद्यांश को पढकर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिए 1X5=5

मैं उत्तर पश्चिम में खैबर के दर्रे से लेकर धुर दक्खिन में कन्याकुमारी तक की अपनी यात्रा का हाल बताता और यह कहता कि सभी जगह किसान मुझसे एक-से सवाल करते, क्योंकि उनकी तकलीफ़ें एक-सी थीं-यानी गरीबों कर्ज़दारों, पूँजीपतियों के शिकंजे, ज़मींदार, महाजन, कडे लगान और सूद, पुलिस के जुल्म, और ये सभी बातें गूँथी हुई थीं, उस ढ्ढे के साथ, जिसे एक विदेशी सरकार ने हम पर लाद रखा था और इनसे छुटकारा भी सभी को हासिल करना था। मैंने इस बात की कोशिश की कि लोग सारे हिंदुस्तान के बारे में सोचे और कुछ हद तक इस बड़ी दुनिया के बारे में भी, जिसके हम एक जुज़ हैं। मैं अपनी बातचीत में चीन, स्पेन, अबीसिनिया मध्य यूरोप, मिस्र और पश्चिमी एशिया में होनेवाले कशमकशों का जिक्र भी ले आता।

I) आज़ादी से पूर्व किसान किस समस्या से ग्रस्त थे

क) पूंजीपतियों द्वारा शोषण ख) कर्ज ग) कड़े लगान घ) ये सभी

II) जुज़ से क्या तात्पर्य है

क) मन ख) स्वभाव ग) आदत घ) खंड

III) निम्नलिखित कथन–कारण को ध्यानपूर्वक पढिये उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -

कथन (A) - नेहरु जी खैबर दर्रे से ले कर कन्याकुमारी तक का हाल लोगों को बताते थे –इस कथन का अभिप्राय है

कारण (R) - संम्पूर्ण भारत की चर्चा करना

(क) कथन (A)तथा कारण (R) दोनों सही हैं | (ख) कथन (A)गलत है पर कारण(R)सही है |

(ग) कथन (A) तथा कारण(R) दोनोँ गलत हैं | (घ) कथन (A)सही है पर कारण(R) गलत है |

IV) नेहरु जी ने किसानों को चीन, स्पेन, अबीसीनिया, मध्य यूरोप, मिश्र एवं पश्चिमी एशिया के चल रहे संघर्षो का हवाला दिया क्यों कि उनकी दृष्टि थी –

क) विदेशी दृष्टि ख) भारत दृष्टि ग) विश्व दृष्टि घ) यूरोपीय दृष्टि

V) नेहरू जी किसानों से किसके बारे में चर्चा करते थे ?

क) भारत माता के बारे में ख) भारतमाता की आज़ादी के बारे में

ग) स्वराज्य के बारे में घ) उपरोक्त सभी

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु निर्देशानुसार सही विकल्प का चयन कीजिये – 1X10=10

I) लता ने कौन-सी लय के गीत बड़ी उत्कटता से गाए हैं?

क) मध्यलय ख) द्रुतलय ग) विलंबित लय घ) करुण रस की लय

II) शास्त्रीय संगीत में किस प्रकार की ताल का प्रयोग किया जाता है?

क) परिष्कृत ख) सामान्य ग) निकृष्ट घ) ऊँची पट्टी

III) 'पर्जन्य' का अर्थ है-

क) दूसरों का जन्म ख) अपने आप उत्पन्न ग) बादल घ) वर्षा

IV) कुंई की खुदाई किससे की जाती है?

क) फावड़े से ख) हत्थी से ग) दरांती से घ) बसौली से

V) जहाँ लगाव है, वहाँ ……… भी होता है

क) प्रेम ख) अलगाव ग) अवसान घ) कुछ भी नहीं

VI) वर्षा की मात्रा नापने के लिए राजस्थान में किस शब्द का प्रयोग होता है?

क) पट्टी ख) इंच ग) सेंटीमीटर घ) रेजा

VII) गहरी कुंई से पानी खींचने की सुविधा के लिए उसके ऊपर लगी चकरी को क्या कहते हैं?

क) गरेड़ी ख) चरखी ग) फरेड़ी घ) उपरोक्त सभी

VIII) बेबी हालदार से पहले तातुश के घर में काम करने वाली को कितना वेतन मिलता था?

क) 500 ख) 800 ग) 1000 घ) 1200

IX) जब बेबी हालदार का घर तोड़ दिया गया तो उसकी मदद किसने की?

क) सुनील ख) जेठू ग) उसके भाई घ) भोला दा

X) बेबी हालदार के लेखन की तुलना किससे की गई है?

क) आशापूर्णा देवी ख) जेठू ग) तातुश घ) इनमें से कोई नहीं

खंड - 'ब'

प्र.7 दिए गए चार अप्रत्याशित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग १२० शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए – 1X5=5

1 बेरोजगारी की समस्या

2 आज़ादी का अमृत महोत्सव

3 कोरोना के बढ़ते कदम, ठिठकता मानव

4 मीडिया की आज़ादी, आपकी नज़र में

प्र.8 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने की अपील करते हुए किसी राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के संपादक को **पत्र लिखिए | 5**

अथवा

'सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध' नियम के उल्लंघन को ले कर अपने राज्य के पर्यावरण मंत्री को **पत्र लिखिए |**

प्र.9 निम्नलिखित में से <u>किन्ही दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये - 3X2=6

1. आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया गया, इसमें आपने नाटक में भाग लिया था अपने अनुभव को डायरी लेखन में लिखिए |

2. डायरी लेखन के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, क्रमश: लिखिए ?

3. मंच के नाटक और फिल्म की पटकथा में मूलभूत कौन-कौन से अंतर होते हैं ?

प्र.10 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>कोई दो</u> प्रश्नों का उत्तर दीजिये - 2X2=4

(i) सर्वोदय बाल विद्यालय, गोल मार्केट, दिल्ली में गणित विषय के लिए व्याख्याता का पद रिक्त है। विज्ञापन के अनुसार अपनी योग्यता का विवरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षा निदेशक को आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

(ii) आपने बारहवीं उत्तीर्ण कर ली है आपको थल सेना में "अग्निवीर" पद हेतु आवेदन करना है । आप अपना एक स्ववृत तैयार करो ।

(iii) शब्दकोश का अर्थ स्पष्ट करते हुए निम्नलिखित शब्दों को सही क्रम में लिखो -
रास्ता, मंजिल, बेनकाब, आहुति

प्र.11 काव्य खंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये - 3x2=6

1 वचन कविता में अक्कमहादेवी ने "अपना घर" किसे कहा है तथा इसे भूलने की बात क्यों की है?

2. चंपा को इस पर क्यों विश्वास नहीं होता कि गांधी बाबा ने पढ़ने -लिखने की बात कही होगी?

3 'यहां दरख्तों के साए में धूप लगती है' पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए?

प्र.12 काव्य खंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों दीजिये -

2x2=4

1. 'घर की याद कविता' में माता के प्रेम को किस तरह व्यक्त किया गया है?
2. कबीर की दृष्टि में ईश्वर 'एक' है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या कहा?
3: 'मीरा' जगत को देखकर रोती क्यों है.?

प्र.13 गद्यखंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिये-

3x2=6

1. 'नेहरू जी' भारत के सभी किसानों से कौन सा प्रश्न बार-बार करते थे?
2. 'जामुन का पेड़' पाठ के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं?
3 'गलती करने वाला तो है ही गुनाहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला कम गुनाहगार नहीं होता' रजनी पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए?

प्र.14 गद्यखंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिये -

2x2=4

1. धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंदी क्यों नहीं समझता था, 'गलता लोहा 'पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए?
2. शिव शंभू की दोनों गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं?
3. नौकरी में ओहदे पर ध्यान मत देना यह तो पीर की मज़ार है? निगाह चढ़ावे वा चादर पर रखनी चाहिए स्पष्ट कीजिए ?